

# फोरलेन बना रणभूमि, कलेक्ट्रेट से पहले रोके गए करणी सैनिक





▶ चिलचिलाती धूप में महिलाएं और बच्चे सहित आंदोलनकारी घंटों सड़क पर डटे रहे

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्ट्रेट घेराव के लिए आ रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने महू-नीमच फोरलेन पर डोसीगांव के पास रोक दिया। चिलचिलाती धूप में महिलाएं और बच्चे सहित आंदोलनकारी घंटों सड़क पर डटे रहे।

करणी सेना के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने मंगलवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ 11 सूत्रीय मांग को लेकर रतलाम आने की घोषणा की थी। इसके बाद करणी सैनिक जिनमें महिलाएं, पुरुष शामिल रहे वे रतलाम पंहुचे। इसके पहले ही प्रशासन और पुलिस ने शहर के सभी एंट्री पॉइंट और महू-नीमच फोरलेन पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। करणी सेना के आंदोलन के चलते प्रशासन और पुलिस ने आंदोलनकारियों को शहर में आने से ही रोक दिया। मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट का घेराव करने के लिए करणी सेना के सदस्य प्रमुख जीवन सिंह के नेतृत्व में आ रहे थे, जिन्हें महू-नीमच रोड पर डोसीगांव के पहले ही रोक दिया गया। इसके लिए प्रशासन ने पूरे फोरलेन पर ही बेरिकेंटिंग करवा दी। इसके आगे शहर की ओर रास्तों पर भी ट्रक और ट्रैक्टर खड़े करवा दिए। इसके चलते वहीं कड़ी धूप में सड़क पर घंटों आंदोलन चलता रहा, जिसमें करणी सैनिकों ने बाहर ही रोकने पर भी कड़ी आपत्ति जताई। विशेष रूप से जावरा रोड स्थित डोसीगांव के पहले ही बेरीकेट लगाकर आंदोलनकारियों को रोक दिया गया। इसके विरोध में करणी सैनिक महिलाओं ने बैरिकेड्स हटा कर आगे जाने की कोशिश की, लेकिन महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया।उल्लेखनीय है कि सात दिन पहले जावरा ब्लॉक में झालवा-कलालिया रोड निर्माण में लगे दो डंपरों को खनिज विभाग ने अवैध परिवहन के आरोप में जब्त किया था। ये दोनों डंपर ठेकेदार आयुष शर्मा के हैं, जिन्हें जीवनसिंह शेरपुर का समर्थक बताया जाता है। जब्ती के विरोध में शेरपुर ने समर्थकों के साथ रिंगनोद थाने में गादी-बिस्तर लगाकर रात भर धरना दिया था। शेरपुर का आरोप था कि खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन के नाम पर खाली डंपरों को पकड़कर कार्रवाई की है, जिसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट घेराव की घोषणा की थी। प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष जिले के जनहित से जुड़े 11 मुद्दे रखे हैं।

**आंदोलनकारी नारेबाजी करते रहे:** मौके पर तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, एसडीएम आर्ची हरित, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, टीआई गायत्री सोनी, सत्येंद्र रघुवंशी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल, कर्मचारी आदि मौजूद थे। अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से चर्चा कर ज्ञापन लेने की कोशिश की, लेकिन श्री शेरपुर कलेक्टर से मिलने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान आंदोलनकारी नारेबाजी करते रहे।

**हमें रोकना गलत : जीवनसिंह**

इस दौरान प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि कलेक्टर व प्रशासन हमें रोक कर गलत कर रहा है। हम जनता की ही मांग जनसुनवाई में कलेक्टर से मिलकर रखना चाहते थे। कलेक्टर हमारे जिले की प्रमुख है और उनसे मिल सकना, यह हम आम व्यक्ति का अधिकार है। हम केवल जनता की समस्या बताना चाहते है, लेकिन हमें दबाने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान अन्य कई करणी सैनिकों ने भी विरोध जताते हुए कहा कि शांतिपूर्वक किए जा रहे आंदोलनों को दबाने की कोशिश करके सरकार तानाशाही कर रही है।

# राशन कार्ड, फिर भी नहीं राशन

▶ जनसुनवाई में 102 आवेदन पर हुई सुनवाई



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में राशन कार्ड होने के बावजूद भी राशन नहीं मिलने की शिकायत जनसुनवाई में पहुंची हैं। आवेदक घनश्याम पिता बालुनाथ निवासी बंजली ने यह शिकायत की हैं। बताया कि राशन कार्ड होने पर भी सेल्समैन द्वारा राशन न देने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु डीएसओ को निर्देशित किया।

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 102 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक मुकेश निवासी धीरजशाह नगर ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया । कार्यवाही हेतु सीएमओ को निर्देशित किया गया। आवेदक विकाश कटारा निवासी गंगसरिया पलसोडी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।आवेदक अरूण दास निवासी बिरमावल ने पिता के प्राथमिक शिक्षक के पद पर रहते हुए आकस्मिक देहांत हो जाने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदिका कला पति राकेश निवासी ग्राम सागडा का माल ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 27 अक्टूबर 2025 को वाहन से गिरने के कारण हो गई। परिवार के भरण पोषण के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

**अनुकम्पा नियुक्ति की मांग:** आवेदक अरूण दास निवासी बिरमावल ने पिता के प्राथमिक शिक्षक के पद पर रहते हुए आकस्मिक देहांत हो जाने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## एक नजर में

### सफाई का कार्य का निरीक्षण, अनुपस्थित 21 सफाई संरक्षकों को नोटिस

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा सफाई का कार्य करवाया जा रहा है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई के साथ ही नाले-नालियों की सफाई का कार्य करवाया जाकर यथा समय कचरा/मलबा उठाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा विरियाखेड़ व उंकाला रोड चार चक्की चौराहे का नाला, माणक चौक, भरावा की कुई, जैन कन्या स्कूल, पोरवाड़ों का वास, नीमवाला उपाश्रय, बजाजखाना मेन रोड तथा विष्वमंगल जी की गली की नालियों की सफाई के साथ ही सिंधी कॉलोनी, होमगार्ड कॉलोनी, रहमत नगर, जावरा रोड गली नम्बर 1, दो बत्ती, राजस्व कॉलोनी, झालानी कॉलोनी, नाहरपुरा, कालिका माता, लड्डू वाली गली, सूरजपोल, नजरबाग, डालूमोदी बाजार, ईदगाह के आसपास सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के अनुपस्थित 21 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर एक दिवस का वेतन काटा गया।

### गुड़ी पड़वा व चेटी चांद पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 19 मार्च गुरूवार को गुड़ी पड़वा व 20 मार्च शुक्रवार को चेटी चांद पर्व पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त अनिल भाना ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देषित किया है कि उक्त दिवस को पषु वध करते या मटन गौष्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

### प्राची पुरोहित को राज्यपाल ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की



**रतलाम।** विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा 17 मार्च को आयोजित दिक्षान्त समारोह में राज्यपाल द्वारा प्राची पुरोहित, रतलाम को संगीत गायन के क्षेत्र में पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई। प्राची पुरोहित ने अपना शोधकार्य- डॉ. वर्षा अग्रवाल के निर्देशन में ''गायनाचार्य पं.सज्जनलाल ब्रह्मभट्ट की संगीत विरासत एवं संगीत शिक्षण का विश्लेषणात्मक अध्ययन'' विषय पर किया गया। प्राची की संगीत (गायन) में रूचि बचपन से ही रही है तथा वर्ष 2018 में संगीत कला में विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर 'स्वर्ण पदक' से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया था। प्राची ने पीएच.डी. की उपाधि मिलने पर इसका श्रेय अपने गुरूजन पं.सज्जनलाल ब्रह्मभट्ट, डॉ. स्नेहा पंडित एवं अपने माता-पिता को दिया है। प्राची के पिता राजेन्द्र पुरोहित नगर निगम कर्मचारी है। प्राची की इस उपलब्धि पर परिवारजन एवं मित्रगणों द्वारा हर्ष व्यक्त किया।

### नेहल चोपड़ा बनीं यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट, प्रवीण सूची में प्रथम स्थान



**रतलाम।** श्री अरिहंत कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम की छात्रा कुमारी नेहल चोपड़ा ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा घोषित सत्र 2022-2025 बीबीए की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस उपलब्धि से उन्होंने रतलाम शहर एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। नेहल की इस उत्कृष्ट सफलता से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. नितिन राव चव्हाण ने कहा कि नेहल की मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने कहा कि नेहल एक अत्यंत गंभीर, मेहनती एवं अध्ययनशील छात्रा हैं और संस्थान को उन पर गर्व है। नेहल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर प्रयास, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। शहर के शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी कुमारी नेहल की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे रतलाम के लिए गर्व का क्षण बताया है।

# सकारात्मक सोच से मिलेगा आनंद : महापौर पटेल



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आनंद विभाग रतलाम द्वारा जिला स्तर पर आनंद के रूप में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 54 व्यक्तियों का सम्मान समारोह गुलाब चक्कर पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि लोग आनंदित इसलिए नहीं रह पाते क्योंकि नकारात्मक अधिक सोचते हैं। सकारात्मक सोच से हम परिस्थितियों का रचनात्मक तरीके से सामना करने, जो हुआ उसे स्वीकार करने, अनुकूलन करने और अंतत: आगे बढ़ने के तरीके ढूंढ सकते है। नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने कहा कि कि इस आपाधापी के युग में हम इतना व्यस्त हो जाते हैं कि हम असली आनंद खोते जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और न्यायाधीश नीरज पवैया ने अपनी बात रखी। पीएम श्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वायके मिश्रा ने कहा कि यदि किसी सकारात्मक कार्य और व्यवहार में आनंद ढूंढेंगे तो कभी बोर नहीं होंगे और जीवन को सार्थक कर सकेंगे। राजेंद्र चतुर्वेदी, संदीप नारले, हेमंत मूणत, कृष्णलाल शर्मा, विशाल वर्मा, अजीत सिंह, रत्नेश विजयवर्गीय, शबाना खान, डॉ. अनामिका सारस्वत, विजय शर्मा, खुशबू जोशी, नवीन पाल ने विभिन्न सेवा कार्यों को रेखांकित किया। संजय ओझा, रूपेश राठौड़, श्याम सुंदर भाटी, पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया, धर्मा कोठारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, बंटी, शुभम प्रजापत, हरिओम धाकड़ आदि मौजूद रहे।

**खुशहाली दिवस मनाने का उददेश्य दृष्टिकोण में बदलाव लाना है**

आनंद विभाग की जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस मनाने का उददेश्य दृष्टिकोण में बदलाव लाना है। व्यक्ति को इस बात का आभास कराना है कि आर्थिक विकास ही आवश्यक नहीं बल्कि लोगों की खुशहाली और सुख को बढ़ाना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बाल अधिकार संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**रतलाम।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जिला प्रशासन रतलाम के सहयोग से आज 17 मार्च मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ताओं का स्वागत सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी के द्वारा किया गया । सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग एवं नोडल मिशन वात्सल्य रवींद्र मिश्र के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया गया। कार्यशाला में योगेश पाल डीवीसी रमसा ने बच्चों पर किये जाने वाले मनोवैज्ञानिक एवं शारीरिक हिंसा से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में, सारस्वत प्राचार्य सांदीपनि उच्चतर मध्यमिक विद्यालय सैलाना गिरीश पोक्सो विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



# कार्यकर्ताओं से सदैव जुड़ी रहती है भाजपा : जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के पिपलोदा मंडल मे पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा संदेव कार्यकर्ताओं से जुड़ी रहती है, कार्यकर्ताओं के बल के आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। मंडल प्रशिक्षण वर्ग के आरंभ मे दीपप्रजलन एवं माल्यार्पण किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान जिला महामंत्री महेश सोनी, नानालाल अटोलिया, हरिराम शाह, मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, जिला सह कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सिंह गुडरखेडा उपस्थित रहे।



# फिल्म केरल स्टोरी -2, बहनों को दिखाई

**रतलाम।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा मंगलवार को केरल स्टोरी 2 बहनों को गायत्री मल्टीप्लेक्स में दिखाई गई। इस आयोजन में सैकड़ो बहनें सम्मिलित हुई। केरल स्टोरी 2 फिल्म देखी जिसमें प्रांत की दुर्गा वाहिनी संयोजिका की आरती जायसवाल, मातृशक्ति जगन्नाथ जिला संयोजिका नम्रता बैरागी, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका सविता ओहरी साथी ही मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के पालक एवं विभाग सह मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला संयोजक जिले के दोनों सह संयोजक भी उपस्थित रहक। जानकारी विश्व हिंदू परिषद सह प्रचार प्रसार प्रमुख रिक्की सेन द्वारा दी गई।

# कन्हैयालाल की हत्या को लेकर विधायक ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** कन्हैयालाल गरवाल की मौत को लेकर परिजनों ने कांग्रेस के पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सौंपकर मामले की जांच कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

जिले के रावटी थाना क्षेत्र के हरथल निवासी कन्हैयालाल गरवाल की लाश कुछ दिनों पूर्व घर से कुछ ही दूरी पर स्थित नाले में मिली थी। गरवाल की मौत के बाद से परिजनों ने जमीन विवाद के चलते पुलिस के सामने नामजद लोगों द्वारा हत्या का आरोप लगाया था। मृतक की पत्नी शकुंतला ने पुलिस को बताया था कि उनके घर पर गांव के मेहजी, राहुल, मेहना, संगीता सहित अन्य लोगों ने पति की मौत से पूर्व भी विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। सकुंतला के अनुसार नाले में इतना पानी नहीं था की कोई डूब कर मर जाए। पति के शरीर पर चोट के निशान और दांत भी टूटा थे। पुलिस ने इस ओर ध्यान ही नही दिया। परिजनों द्वारा बताए गए लोगों पर कोई कार्यवाही नही किए जाने से नाराज गांव के लोग, परिजन और पत्नी कांग्रेस के पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत के निवास पर पहुंची और व्यथा बताई। गेहलोत परिजनों और ग्रामीणों के साथ एसडीएम (पुलिस)कार्यालय पहुंचे यहां एसडीओपी नीलम बघेल को पूरी जानकारी से अवगत करा ज्ञापन सौंप कारवाही की मांग की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के हनी गेहलोत, अमरसिंह मचार, सुनील मुनिया, नरेंद्र गरवाल ब्लॉक अध्यक्ष, जोरसिंग गरवाल, पप्पू गहलोत, प्रकाश भूरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मोजूद थे।

# बुजुर्गों पर टोल का बोझ, फ्री करने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** वरिष्ठ नागरिकों पर टोल टैक्स का बढ़ता बोझ अब चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसी को लेकर जावरा निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मदनलाल गांगले ने केंद्र सरकार से सीनियर सिटिजन को टोल टैक्स से पूर्णत: मुक्त करने की मांग उठाई है।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान में बुजुर्गों के लिए टोल टैक्स में किसी प्रकार की छूट का प्रावधान नहीं है, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

डॉ. गांगले ने बताया कि देश में रेलवे सहित अन्य कई सेवाओं में वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रियायत दी जाती है, लेकिन टोल टैक्स के मामले में उन्हें कोई राहत नहीं मिलती। निजी वाहन से यात्रा करने वाले बुजुर्गों को हर बार पूरा टोल शुल्क चुकाना पड़ता है, जो उनके लिए अतिरिक्त बोझ साबित हो रहा है।

उन्होंने मांग की कि सरकार को वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए टोल टैक्स में पूर्ण छूट प्रदान करनी चाहिए। इससे न केवल बुजुर्गों को राहत मिलेगी, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी।

डॉ. गांगले ने केंद्र सरकार से शीघ्र इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है, ताकि देशभर के वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।

**एक नजर में** ▶ आचार्य श्री विशवरत्न सागर सूरीशवर जी के सानिध्य में जैन पत्रकार परिषद गठन की पहल

# उज्जैन में होगा जैन पत्रकारों का महासंगम



**▶ पोस्टर का वितरण किया**

कार्यक्रम को लेकर संयोजक दीपक दुग्गड व शहर, गांवों में पहुंचकर पत्रकारों को निमंत्रण और पोस्टर वितरित किए। अीम जावरा भी पहुंचे, जहां उन्होंने जैन सोशल ग्रुप मेन अध्यक्ष अशोक चोपड़ा, वरिष्ठ पत्रकार सुजानमल कोचट्टा, प्रकाश बारोड़, पारस छाजेड़, निलेश सुराणा सहित अनेक पत्रकारों से मुलाकात कर निमंत्रण दि या। तथा सभी से उज्जैन में आयोजित समारोह में उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** आचार्य श्री नवरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराज साहब के कृपाप्राप्त आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराज साहब के मार्गदर्शन में समाज में सुधार और नई जागरूकता लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के जैन पत्रकारों का एक विशाल संगठन बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत 'जैन पत्रकार परिषद' के गठन की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस संगठन के विस्तार के लिए दीपक दुग्गड को संयोजक नियुक्त किया गया है। संयोजक दीपक दुग्गड ने पूज्य मुनिराज के सानिध्य में देशभर के जैन मीडिया कर्मियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से जैन पत्रकार परिषद का गठन कर पत्रकारों को उनके विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सेवा कार्यों के लिए 'जैन पत्रकार अवार्ड सम्मान समारोह' आयोजित करने की योजना बनाई है।

इस क्रम में आगामी 29 मार्च 2026, रविवार को उज्जैन में देशभर के जैन पत्रकारों का महासंगम आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को जैन पत्रकार अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

संगठन का मुख्य उद्देश्य जैन पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को एक मंच पर लाना तथा साधु-संतों पर हो रहे आघात जैसे विषयों को सरकार और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सचिव प्रवीण जैन भी मौजूद थे।